प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी 2.0 सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा दिया है। इसी कारण त्योहारी सीज़न के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हुई है। वे आज नई दिल्ली में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ जीएसटी बचत उत्सव पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम आदमी तक पहुँच रहा है। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। सभी राजनीतिक दल प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों ने पर्चा भी दाखिल कर दिया है। इधर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, जेएलकेएम ने रामदास मुर्मू को उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के संसदीय दल और चुनाव समिति ने उनके नाम पर मुहर लगायी।

****

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक अभियान–सह–स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी डॉ0 माइकलराज एस0 की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। वर्चुअल हुई इस बैठक में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर समीक्षा की गयी। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने बिहार–झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अपराधियों, असामाजिक तत्वों और नक्सलियों के विरूद्ध अभियान चलाने तथा अवैध शराब के खिलाफ कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया।

****

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राजधानी के नजदीक मांडर और चान्हों प्रखंड के लोगों को दीपावली पर विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने बहुप्रतीक्षित सोसई ग्रामीण जलापूर्ति पाइप शिफ्टिंग योजना का शिलान्यास किया, जिससे चार हजार परिवारों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने चान्हों प्रखंड के सोनचिपी टाना भगत आश्रम परिसर में करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाले गेस्ट हाउस और चहारदीवारी के साथ सौंदर्यीकरण की भी आधारशिला रखी। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में प्रधानमंत्री जन–मन योजना के तहत आदिम जनजाति समुदायों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिये तेज गति से अभियान चल रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इसके साथ ही पांच दिवसीय दिवाली उत्सवों की शुरुआत हो गयी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

****

राज्य में आपदा विभाग ने दिवाली के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इनमें पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए लाइसेंसधारी विक्रेताओं को लाइसेंस के अनुसार

ही बिक्री करने, दुकानों में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियां रखने, ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहने, और खराब गुणवत्ता वाले पटाखे न बेचने के निर्देश शामिल हैं।

****